एक नजर में

'सैमसंग इनोवेशन कैंपस' का 2026 एडिशन लॉन्च

इंदौर. सैमसंग इंडिया ने अपने खास सीएसआर प्रोग्राम, 'सैमसंग इनोवेशन कैंपस' के 2026 एडिशन को लॉन्च करने की घोषणा की है. यह प्रोग्राम युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में इंडस्ट्री के लिए ज़रूरी स्किल्स सिखाने के लिए बनाया गया है. 2026 एडिशन को 'इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ़ इंडिया' और 'टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल' के साथ मिलकर लागू किया जाएगा. इन साझेदारियों के ज़रिए, सैमसंग का लक्ष्य 10 राज्यों में 20,000 युवाओं को एआई की ट्रेनिंग देना है, ताकि इंडस्ट्री के लिए ज़रूरी एआई शिक्षा तक पहुँच बढ़ाई जा सके और भारत के भविष्य के एआई टैलेंट पाइपलाइन को मज़बूत किया जा सके. सैमसंग साउथ वेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेबी पार्क ने कहा एआई हमारे समय के सबसे बड़े मौकों में से एक है, और भारत अपने युवा टैलेंट की ताकत से इस बदलाव का नेतृत्व करने की खास स्थिति में है. इस मौके का फ़ायदा उठाने के लिए सही स्किल्स विकसित करने, इनोवेशन को बढ़ावा देने और हर इच्छुक सीखने वाले के लिए एआई शिक्षा को ज़्यादा सुलभ बनाने में लगातार निवेश की ज़रूरत होगी, चाहे वे कहीं से भी आए हों.

एक्सिस फाइनेंस ने पेश किया दृष्टि प्लेटफॉर्म

इंदौर. एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड ने आज अपना आंतरिक बिज़नेस रूल्स इंजन (बीआरई) - एक्सिस फाइनेंस दृष्टि लॉन्च करने की घोषणा की. इस प्लेटफॉर्म का निर्माण, ऋण से जुड़े फैसले लेने की प्रक्रिया में अधिक तेज़ी, एकरूपता और इंटेलिजेंस को शामिल करने के लिए किया गया है. दृष्टि को पहले चरण में, व्यक्तिगत ऋण, व्यवसाय ऋण, संपत्ति के ऋण और दिशा होम लोन के लिए पेश किया गया है. कॉन्फिगर करने योग्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के तौर पर विकसित, दृष्टि अंडरराइटिंग वर्कफ्लो को डेटा-आधारित जानकारी और सांख्यिकीय स्कोरकार्ड के साथ जोड़कर स्वचालन और नीति-आधारित ऋण मूल्यांकन में मदद करता है. एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड के एमडी और सीईओ, साई गिरिधर ने इस घटनाक्रम पर अपनी टिप्पणी में कहा एक्सिस फाइनेंस ऋण वितरण प्रक्रिया को अधिक चुस्त और एनालिटिक्स-आधारित बनाने पर विशेष ध्यान दे रही है. हम एक्सिस फाइनेंस दृष्टि के लॉन्च के साथ, अपने मुख्य निर्णय लेने वाले ढांचे में इंटेलिजेंस, एडवांस्ड एनालिटिक्स और ऑटोमेटेड क्रेडिट वर्कफ्लो को शामिल कर तेज़ी से और अधिक एकरूपता वाले ऋण संबंधी फैसले लेने की क्षमता बढ़ा रहे हैं, साथ ही प्रभावी संचालन (गवर्नेंस) और जोखिम अनुशासन भी बनाए रख रहे हैं .ङ्क

दो दशकों से हो रही है 'लाईफ झिंगालाला'

इंदौर. आज टाटा प्ले ने अपनी 20वीं सालगिरह के लिए एक नया विज्ञापन अभियान शुरू किया। 'लाईफ झिंगालाला' की प्रतिष्ठित टैगलाईन के साथ यह अभियान भारत में संगीत की विविधतापूर्ण विरासत को पेश करता है, जिससे भारत में लाखों परिवारों के साथ टाटा प्ले का स्थायी संबंध प्रदर्शित होता है. इस अभियान की परिकल्पना ओगिल्वी ने दी है. इसमें एक सरल सवाल की विषयवस्तु को लिया गया है कि ''जब लाईफ झिंगालाला होती है, तो कैसा महसूस होता है?''. टाटा प्ले की प्रतिष्ठित टैगलाईन को भारत के समृद्ध और व्यापक लोक संगीत की परंपराओं के नजरिए से पेश करते हुए इस अभियान में पूरे देश के लोक संगीतकार और क्षेत्रीय कलाकारों ने हिस्सा लिया है. माटी बानी के मूल संगीत और कार्तिक शाह के संगीत निर्माण व निर्देशन में बना यह अभियान हर क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को प्रामाणिक अभिव्यक्ति के साथ पेश करता है। तमिल, तेलुगू, कन्नड़, बंगला, अवधी और गुजराती भाषाओं में पेश किया गया हर रूपांतरण स्थानीय भाषा, संगीत की विरासत और कहानीवाचन की परंपराओं से प्रेरित है

अमेज़न इंडिया ग्रेट फ्रीडम सेल के दौरान स्टील्स डील्स

इंदौर. अमेज़न ग्रेट फ्रीडम सेल 2026 के दौरान बेजोड़ बचत के साथ चुनने की स्वतंत्रता के उत्सव को मनाएं. अमेज़न बाज़ार फैशन, होम, किचन, ब्यूटी और इलेक्ट्रॉनिक्स में मेड इन इंडिया, बेहद किफ़ायती और ट्रेंड-फॉरवर्ड उत्पादों का एक विस्तृत चयन एक साथ लाता है, जिससे अपने बजट को बढ़ाए बिना अपनी अलमारी और होम डेकोर को नया रूप देना पहले से कहीं अधिक आसान हो जाता है. ब्यूटी, फैशन, होम और इलेक्ट्रॉनिक्स पर 80ब्न तक की छूट और 300 रुपये तक के कैश बैक के साथ ग्राहक बेहतरीन मूल्य का आनंद लेते हुए अधिक समझदारी से खरीदारी कर सकते हैं. स्टैकेबल और एयरटाइट कंटेनरों के इस सेट के साथ अपनी रसोई को सहजता से व्यवस्थित करें. चाय, कॉफी, चीनी, मसाले, सूखे मेवे और अन्य रोज़मर्रा की आवश्यक वस्तुओं को संग्रहीत करने के लिए बिल्कुल सही, ये आपकी पेंट्री को साफ, ताजा और अव्यवस्था मुक्त रखने में मदद करते हैं. अमेज़न ग्रेट फ्रीडम सेल 2026 के दौरान केवल अमेज़न बाज़ार (केवल मोबाइल एप्लिकेशन पर) पर बेहद किफ़ायती उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला और ट्रेंडिंग चॉइस खोजें.

'आखिरी सवाल' 13 अगस्त से लायंसगेट प्ले पर स्ट्रीम होगी

इंदौर. एक सवाल कई बार ऐसी सच्चाई सामने ला सकता है, जो सालों से छिपी हो। यह किसी के विश्वास और सोच को भी बदल सकती है। 13 अगस्त को लायंसगेट प्ले पर आखिरी सवाल का खास डिजिटल प्रीमियर होगा. फिल्म में संजय दत्त, समीरा रेड्डी, अमित साध, त्रिधा चौधरी और नमाशी चक्रवर्ती नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन अभिजीत मोहन वारंग ने किया है. इसे निखिल नंदा और संजय दत्त ने निखिल नंदा मोशन पिक्चर्स के तहत बनाया है. उज्ज्वल आनंद इसके सह-निर्माता हैं. फिल्म में दिखाया गया है कि एक ऐतिहासिक विरासत से जुड़े मुद्दे पर अलग-अलग विचार और सोच कैसे आमने-सामने आती हैं. जैसे- जैसे छिपी हुई सच्चाइयां सामने आती हैं, कहानी और भी दिलचस्प हो जाती है. आखिरी सवाल एक ऐसी गंभीर कहानी है, जो दर्शकों को सोचने और खुद से सवाल करने पर मजबूर करती है. आखिरी सवाल की कहानी प्रोफेसर गोपाल नाडकर्णी के इर्द-गिर्द घूमती है. यह किरदार संजय दत्त ने निभाया है। अपने छात्र विक्की (नमाशी चक्रवर्ती) से उनके विचार नहीं मिलते। यह मतभेद धीरे-धीरे एक बड़े नैतिक और पीढ़ियों के बीच के विवाद में बदल जाता है. संजय दत्त ने प्रोफेसर के किरदार को बहुत अच्छे और भावनात्मक तरीके से निभाया है। उनका अभिनय फिल्म में विचारों, सच्चाई और विश्वास के मुद्दों को मजबूती से सामने लाता है.

पल्स कैंडी ने स्पाइडर-मैन फिल्म के साथ किया कोलैबोरेशन

इंदौर. प्रमुख एफएमसीजी समूह और मल्टी-बिज़नेस कॉरपोरेशन, धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप (डीएस ग्रुप) के पॉपुलर ब्रांड पल्स कैंडी ने फिल्म स्पाइडर-मैन-ब्रांड न्यू डे के साथ 360-डिग्री कंज्यूमर एंगेजमेंट कैंपेन के लिए स्ट्रैटेजिक कोलैबोरेशन का ऐलान किया है. यह साझेदारी पल्स कैंडी की ब्रांड यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और मनोरंजन आधारित सहयोगों में अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स में से एक मानी जा रही है। इस कैंपेन में लिमिटेड-एडिशन पैकेजिंग, हाई-इम्पैक्ट मीडिया और देशभर के कंज्यूमर्स की सक्रिय भागीदारी शामिल है. यह कैंपेन स्पाइडर-मैन : ब्रांड न्यू डे फिल्म के रोमांच को पल्स के चटपटे और लाजवाब स्वाद के साथ जोड़ते हुए संदेश देता है- इवन स्पाइडर-मैन कैननॉट रेसिस्ट पल्स .इस पार्टनरशिप पर बात करते हुए डीएस ग्रुप के सीनियर जनरल मैनेजर, मार्केटिंग (कन्फेक्शनरी), अरविंद कुमार ने कहा पल्स कैंडी ने हमेशा ऐसे इनोवेटिव, कल्चरली कनेक्टेड और ट्रेंडसेटिंग अनुभवों के ज़रिए अपने कंज्यूमर्स के साथ एक मजबूत रिश्ता बनाया है। स्पाइडर-मैन दुनिया की सबसे आइकॉनिक एंटरटेनमेंट फ्रेंचाइज में से एक है, जो जेन-जी' के बीच काफी पॉपुलर है और हर उम्र के लोगों को पसंद आती है .य यह कोलैबोरेशन एंटरटेनमेंट और पॉप कल्चर के संगम पर पल्स कैंडी को स्थापित करने की हमारी सोच को दिखाता है.

सैमसंग ने भारत में गैलेक्सी जेड फोल्ड की बिक्री शुरू की

इंदौर. सैमसंग के आठवीं जेनरेशन के फोल्डेबल स्मार्टफोन गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा, गैलेक्सी जेड फोल्ड8 और गैलेक्सी जेड फ्लिप8 के साथ नए वियरेबल्स गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा2 और गैलेक्सी वॉच9 आज से भारतभर के रिटेल स्टोर्स पर बिक्री के लिए उपलब्ध हैं. ग्राहक इन डिवाइसेज़ को सेमसंग.कॉम, अमेज़न और फ्लिपकार्ट से भी खरीद सकते हैं. भारतीय ग्राहकों के बीच नई गैलेक्सी फोल्ड8 सीरीज़ को शानदार प्रतिक्रिया मिली है. लॉन्च के महज 72 घंटों के भीतर गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा, फोल्ड8 और फ्लिप8 के लिए सैमसंग को 2.71 लाख प्री-ऑर्डर मिले. फोल्ड8 अल्ट्रा में 8 इंच का बड़ा मेन डिस्प्ले है और इसकी मोटाई केवल 4.1 मिमी है, जिससे यह अब तक का सैमसंग का सबसे पतला फोल्ड स्मार्टफोन बन गया है। इसमें एचडीआर के साथ 200एमपी का मुख्य कैमरा और बेहतर नाइटोग्राफी तकनीक वाला नया 50एमपी अल्ट्रा-वाइड लेंस है, जो हर तरह की रोशनी में अधिक डिटेल कैप्चर करता है। यह स्मार्टफोन स्नैपड्रैगन 8 एलिट जेन 5 फॉर गैलेक्सी प्रोसेसर से लैस है। इसमें 5000एमएएच की बैटरी है, जो 45वाच फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करती है .,

नए अध्ययन में सामने आए एंथोसायनिन के फायदे

इंदौर. द अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रिशन में प्रकाशित एक नए अध्ययन और मेटा-एनालिसिस के अनुसार, लाल, नीले और बैंगनी रंग के खाद्य पदार्थों में पाए जाने वाले प्राकृतिक बायोएक्टिव तत्व एंथोसायनिन का अधिक सेवन स्वस्थ लोगों में हृदय और मेटाबॉलिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में सहायक हो सकता है. एंथोसायनिन प्राकृतिक पौधों से मिलने वाले ऐसे तत्व हैं, जो कई फलों और सब्जियों को लाल, बैंगनी और नीला रंग देते हैं। बेरीज़ इनमें सबसे समृद्ध स्रोत मानी जाती हैं. खासतौर पर अमेरिका में उगाई जाने वाली ब्लूबेरी एंथोसायनिन का अच्छा स्रोत है, जो हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में मदद करती है. शोधकर्ताओं ने 27 वैज्ञानिक प्रकाशनों में प्रकाशित 18 संभावित समूह अध्ययनों (प्रोस्पेक्टिव कोहोर्ट स्टडीज) और बिना किसी बीमारी वाले स्वस्थ लोगों पर किए गए 65 क्लिनिकल ट्रायल्स का विश्लेषण किया. अमेरिकी हार्ट बुश ब्लूबेरी काउंसिल का भारत में प्रतिनिधि करने वाले राज कपूर ने कहा यह शोध हमारे रोजमर्रा के आहार में विविधता लाने और प्राकृतिक रूप से रंगीन फलों एवं खाद्य पदार्थों को शामिल करने के महत्व को रेखांकित करता है.

नगर निगम व्यवसायिक क्षेत्रों पार्किंग प्लेस की कर रहा जांच

नोटिस देकर होगी कार्रवाई

नव भारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम ने शहर की प्रमुख सड़कों पर स्थित व्यवसायिक भवनों में पार्किंग स्थल की जांच का अभियान चलाया है. इसके तहत निगम के सभी भवन अधिकारी और भवन इंस्पेक्टरों को सड़कों के क्षेत्र बांट दिए हैं, जिसमें उनको पार्किंग स्थलों पर निर्माण या अंग गतिविधि होने पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं.

नगर निगम द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था और पार्किंग को लेकर मुहिम शुरू की गई है. शहर की प्रमुख 93 सड़कों को उक्त मुहिम में जांच करने के लिए शामिल किया गया है, जिन पर व्यावसायिक भवन और बहुमंजिला इमारतों बनी हुई है. उक्त व्यावसायिक भवनों में पार्किंग

का जगह पर अन्य गतिविधि या निर्माण होने पर अतिक्रमण तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी. साथ ही अधिकारियों को आदेश दिए है कि ऐसे व्यावसायिक भवनों में जहां पार्किंग स्थल खाली है, वहां पर निशुल्क पार्किंग का बोर्ड, सिक्युरिटी गार्ड लगाने की व्यवस्था करने के लिए भी आदेशित किया है. नगर निगम की उक्त मुहिम के पीछे शहर में सड़कों पर खड़े वाहनों से यातायात जाम की व्यवस्था की ठीक करना ओर पार्किंग स्थलों का पूर्ण उपयोग करना मुख्य उद्देश्य है। साथ ही पार्किंग पर बने अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई शामिल है.

अधिकारियों को मुख्य सड़कों के क्षेत्र बांटे

नगर निगम मुख्य भवन अधिकारी के सत्येंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि सभी अधिकारियों को शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू करने और पार्किंग का पूर्ण उपयोग करने के लिए जांच के आदेश दिए है. साथ ही सभी अधिकारियों को मुख्य सड़कों के स्ट्रेच (क्षेत्र) बांटे है, जिनमें कार्रवाई करने का भी उल्लेख है.

बाणेश्वर कुंड पर ख़ासगी ट्रस्ट की आपत्ति

आईडीए के खिलाफ हाईकोर्ट में लगाई याचिका

नव भारत न्यूज

इंदौर. आईडीए द्वारा बाणेश्वर कुंड का जीर्णोद्धार कार्य करने की योजना बनाई है. उक्त योजना को लेकर बाणेश्वर कुंड के आसपास स्थित निर्माण को लेकर आईडीए ने नोटिस जारी किए थे. उक्त नोटिस देने के खिलाफ ख़ासगी ट्रस्ट ने हाईकोर्ट में आईडीए के खिलाफ याचिका दायर की है.

आईडीए बोर्ड बैठक में शहर के बाणगंगा क्षेत्र में स्थित बाणेश्वर कुंड का 7.5 करोड़ की लागत से प्रथम चरण का जीर्णोद्धार कार्य करने की मंजूरी दी गई थी. उक्त कार्य की शुरुआत करने के लिए आईडीए ने क्षेत्र में कुंड के आसपास स्थित निर्माण कार्य को हटाने के नोटिस जारी किए थे. उक्त नोटिस की जानकारी होलकर राजघराने के ख़ासगी ट्रस्ट को मिली. ख़ासगी ट्रस्ट की ओर ने अधिवक्ता ऋषभ गुप्ता ने आईडीए के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की है. याचिका में बाणेश्वर कुंड ख़ासगी ट्रस्ट की संपत्ति बताते हुए हाईकोर्ट में एक सूची भी दी है, जिसमें पूरे देश में ख़ासगी ट्रस्ट के तहत जमीनों का उल्लेख है. हाईकोर्ट में ख़ासगी ट्रस्ट ने आईडीए के नोटिस देने के मामले को चुनौती दी है कि आईडीए को इसका अधिकार नहीं है, क्योंकि बाणेश्वर कुंड ख़ासगी ट्रस्ट की संपत्ति है. ट्रस्ट की अनुमति के बगैर आईडीए द्वारा की जा रही कार्रवाई अवैधानिक है.

अधिवक्ता मीटिंग में थे व्यस्त

उक्त विषय में ट्रस्ट के अधिवक्ता ऋषभ गुप्ता से बात की, तो उन्होंने कहा कि आपसे बाद में बात करता हूं. मैं अभी किसी मीटिंग में व्यस्त हूं. दूसरी बार उनको कॉल किया गया, तो उन्होंने मैसेज मोड़ पर डाल दिया. हालांकि आईडीए के विधि विभाग द्वारा हाईकोर्ट में आपत्ति लगाने की जानकारी मिली है.

आईएमए का लर्निंग सेशन आज

इंदौर. प्रोफेशनल एनवायरनमेंट में प्रभावी कम्युनिकेशन केवल एक स्किल नहीं, बल्कि बेहतर प्रोडक्टिविटी और बिजनेस रिजल्ट्स की महत्वपूर्ण कुंजी बन गया है. इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा 'कम्युनिकेशन इज़ द न्यू प्रोडक्टिविटी स्किल' विषय पर विशेष कंटेम्परेरी लर्निंग सेशन आयोजित होगा. यह विशेष सत्र 11 अगस्त को शाम 6 से 7 बजे तक, आईएमए मीटिंग रूम, इंदौर में आयोजित होगा. कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. स्वाति चपलोत होंगी. सेशन में प्रभावी कम्युनिकेशन के माध्यम से प्रोडक्टिविटी बढ़ाने, बिजनेस रिजल्ट्स बेहतर करने और टीम कोऑर्डिनेशन मजबूत बनाने पर चर्चा की जाएगी.

535 किलो संदिग्ध घी-पनीर जब्त

इंदौर में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

इंदौर. मिलावट और अमानक खाद्य पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीमों ने सोमवार को शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए करीब 535 किलो संदिग्ध खाद्य पदार्थ जब्त किए. जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 3 लाख रुपये से अधिक बताई गई है.

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने सिंध डेयरी फार्म, चंदन भवन-मुराई मोहल्ला का निरीक्षण किया. यहां पनीर, दही और घी का निर्माण किया जा रहा था, जबकि प्रतिष्ठान की खाद्य अनुज्ञप्ति केवल थोक एवं रिटेल बिक्री के लिए वैध पाई गई. मौके से 149 किलो घी और 103 किलो पनीर, कुल 252 किलो खाद्य पदार्थ जब्त किए गए. घी के संबंध में खरीदी के बिल भी प्रस्तुत नहीं किए गए. निर्माण के लिए वैध लाइसेंस नहीं मिलने पर डेयरी का खाद्य निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया. इसी अभियान में नारायण इंटरप्राइजेज, पालदा बारदान मंडी से किंग

घी और राधा माधव घी के नमूने लिए गए तथा करीब 255 किलो घी, जिसकी कीमत लगभग 1.53 लाख रुपये है, जांच रिपोर्ट आने तक जब्त किया गया. वहीं, कमलेश ट्रेडर्स, सियागंज से महीसागर घी का नमूना लेकर करीब 28 किलो घी सील कर जब्त किया गया. इसके अलावा सीएम हेल्पलाइन की शिकायत पर रतलाम नमकीन कॉर्नर, जेल रोड से समोसे एवं सलाद/चटनी के नमूने लिए गए और अनियमितताओं पर सुधार सूचना पत्र जारी किया जा रहा है. आशुतोष बॉयज हॉस्टल, बड़ी ग्वालटोली से रॉ मैटेरियल एवं तैयार खाद्य पदार्थों के तीन नमूने लिए गए तथा स्वच्छता संबंधी निर्देश दिए गए.

नमूने जांच के लिए भोपाल भेजे

खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार सभी नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे जा रहे हैं. जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को किया याद

इंदौर. क्रांति दिवस के घोषणा वाले दिवस को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा पर भारत छोड़ो आंदोलन क्रांति दिवस 8 अगस्त 1942 की घोषणा की शुरुआत के अवसर पर मध्य प्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्त संयुक्त संगठन के तत्वाधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद किया. उनके नारे करो या मरो, अंग्रेजों भारत छोड़ो भारत छोड़ो आंदोलन विषय पर प्रदेश अध्यक्ष अजय नारायण सीतलानी ने अपने विचार रखे. मुख्य रूप से दिलीप राजपाल, अर्चना जायसवाल, अजीत सिंह विश्नार, ईश्वर जोशी, कनुप्रिया सत्तन, राधा ताई पवार, उमाशंकर रायकवार, राधेश्याम गुप्ता, जानकी लाल पटेरिया, दिलीप ठक्कर, महेश शर्मा, अजीत सिंह ठाकुर, विजय पुणेकर, राकेश शास्त्री, वीरेंद्र झंझोट, ओम वर्मा, अ गफ्फार खान आदि मौजूद रहे. संचालन विकास जोशी ने किया.

1.18 करोड़ की बीमा पॉलिसी समेत कई प्रस्तावों को दी मंजूरी

डीएवीवी की कार्यपरिषद की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज़

इंदौर. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की बैठक सोमवार को नालंदा परिसर में आयोजित हुई. बैठक में वित्त समिति की विभिन्न अनुशंसाओं पर चर्चा के बाद कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई. विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारियों की आगामी एक वर्ष की बीमा पॉलिसी के नवीनीकरण के लिए करीब 1.18 करोड़ रुपये के प्रीमियम भुगतान को स्वीकृति दी गई.

बैठक में ईएमआरसी के लिए ऑडियो-विजुअल उपकरण और सर्वर खरीदने के करीब 33 लाख रुपये के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिली. वहीं, अर्धकुशल और अकुशल कर्मियों की आउटसोर्स सेवाओं को लेकर निर्णय

लिया गया कि नई निविदा प्रक्रिया पूरी होने तक अगस्त से अक्टूबर 2026 तक पूर्व प्रक्रिया के अनुसार सेवाएं जारी रखी जा सकेंगी. आईईटी के विद्यार्थियों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग लैब स्थापित करने के लिए आवश्यक उपकरण, फर्नीचर और अन्य सामग्री खरीदने के प्रस्ताव को भी कार्यपरिषद ने मंजूरी प्रदान की. इसके अलावा प्रबंधशाला अध्ययन संस्थान के नवीन शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि पूर्ण होने को स्वीकृति दी गई. भविष्य में ऐसे मामलों की स्वीकृति के लिए कुलगुरु को अधिकृत किया गया.

अधोसंरचना विकास पर दिया जोर

बैठक में कार्यपरिषद सदस्य डॉ. ए.के. द्विवेदी ने डिमांड बेस्ड पाठ्यक्रमों के साथ अधोसंरचना विकास पर जोर दिया. सदस्यों ने नए पाठ्यक्रम 'परफॉर्मिंग आर्ट्स' की स्थापना के लिए कुलगुरु को धन्यवाद दिया. बैठक के अंत में कुलगुरु ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय ने कर्मचारियों की पदोन्नति के आदेश प्राथमिकता के आधार पर कम समय में जारी किए हैं. इस पहल का कार्यपरिषद सदस्यों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया.

पौधारोपण पखवाड़े के तहत रोपे कई प्रजातियों के पौधे

इंदौर. अखिल भारतीय माथुरवैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश मामा के आह्वान पर पौधारोपण पखवाड़ा मनाया गया. पखवाड़े के अंतिम दिन इंदौर के निरवाना गार्डन के पास कुमेड़ी में पौधारोपण किया गया.

कार्यक्रम में महासभा के संगठन मंत्री नरेश गुप्ता मध्यांचल मंडल के अध्यक्ष विनोद गुप्ता महासभा के पूर्व उपाध्यक्ष दिनेश गुप्ता किताब वाले, शाखा सभा इंदौर के अध्यक्ष राकेश गुप्ता, मंडल के मंत्री नवीन गुप्ता, इंजीनियर गोविंद गुप्ता, मनमोहन गुप्ता, राम मोहन गुप्ता, रविंद्र गुप्ता गैस वाले, अनिल गुप्ता गजक वाले, राहुल गुप्ता मेघा एंटरप्राइज, रितेश गुप्ता, बृजेश गुप्ता, राजेश गुप्ता एलआईजी, नीरज गुप्ता, यश गुप्ता, शाखा सभा सेवा समिति के अध्यक्ष उर्मिला गुप्ता, रजनी

गुप्ता, नीतू पारस गुप्ता, श्रेया यश गुप्ता, कामिनी नीरज गुप्ता, वैदेही गुप्ता और गणमान्य लोग उपस्थित थे. पौधारोपण में कई प्रजातियों के पौधे लगाए गए और उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए पूरे इंतजाम किए गए. इस अवसर पर महासभा के पूर्व उपाध्यक्ष दिनेश गुप्ता किताब वालों का एवं पौधारोपण संयोजक ओमप्रकाश गुप्ता का स्वागत किया गया. मध्यांचल मंडल के अध्यक्ष विनोद गुप्ता आभार प्रकट माना.

विद्युत तारों को मिला कवच : अब औद्योगिक क्षेत्रों में फाल्ट होंगे कम

नवभारत न्यूज़

इंदौर. शहर के औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विद्युत वितरण कंपनी ने कवर्ड कंडक्टर लगाने का काम तेज कर दिया है.

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के शहर वृत्त के अंतर्गत पालदा औद्योगिक क्षेत्र और सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र में यह कार्य किया जा रहा है. कवर्ड कंडक्टर लगने से फाल्ट की घटनाओं में कमी आने के साथ बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता बढ़ने की उम्मीद है. कंपनी के मुताबिक, पालदा और सांवेर रोड सेक्टर-सी के चार फीडरों पर अब तक करीब 16 किलोमीटर कवर्ड कंडक्टर लगाए जा चुके हैं. शेष क्षेत्रों में भी काम जारी है.

सामान्य तारों की तुलना में कवर्ड कंडक्टर बाहरी संपर्क और मौसम संबंधी कारणों से होने वाले फाल्ट को कम करने में मदद करते हैं. विद्युत आपूर्ति में सुधार के लिए शहर के अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह के कार्य प्रस्तावित किए गए हैं. औद्योगिक क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है.

एक नजर में

फिक्की फ्लो इंदौर द्वारा डिबेट चैम्पियनशिप का आयोजन

प्रभावी संवाद व विचार स्पष्ट रूप से रखने की क्षमता हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण

इंदौर. फिक्की फ्लो इंदौर द्वारा एएफएस इंदौर के सहयोग से चोइथराम इंटरनेशनल स्कूल में डिबेट चैंपियनशिप 2026-27 का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में शहर के 11 प्रमुख स्कूलों के 33 विद्यार्थियों ने भाग लिया.

प्रतियोगिता में एशियन पार्लियामेंट्री और टर्नकोट डिबेट के दो प्रारूप रखे गए. विद्यार्थियों ने तर्क, अभिव्यक्ति, तुरंत सोचने की क्षमता और अलग-अलग विचारों को समझने का कौशल प्रदर्शित किया. मुख्य अतिथि चोइथराम ग्रुप के सीईओ सुमित नांदेडकर ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया. उन्होंने कहा कि प्रभावी संवाद और अपने विचारों को स्पष्ट एवं

आत्मविश्वास के साथ रखने की क्षमता जीवन के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण है. फिक्की फ्लो इंदौर की चेयरपर्सन श्रीमती वंदना गुजराती ने सभी स्कूलों, विद्यार्थियों और निर्णायकों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ संवाद की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.

ये रहे विजेता...

डेली कॉलेज, शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल और कर्नल्स एकेडमी प्रतियोगिता के प्रमुख विजेता रहे. प्रतियोगिता का संचालन श्वेता खंडेलवाल, डॉ. रोहिता सतीश और रुचि गुप्ता ने किया. फिक्की फ्लो इंदौर का यह आयोजन युवाओं को तार्किक सोच, प्रभावी अभिव्यक्ति और नेतृत्व के गुणों से सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा.

लोधा समाज ने मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

इंदौर. लोधा लोवंशी क्षत्रिय समाज जिला समिति इंदौर द्वारा रविवार को प्रीतमलाल दुआ सभागृह, रीगल चौराहा में विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम में वर्ष 2025-26 की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों तथा समाज की मेधावी प्रतिभाओं का सम्मान किया गया.

मुख्य अतिथि विजय सोहनी, हरि अग्रवाल, अशोक गोयल सहित विशेष अतिथियों ने विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, उपहार एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान कर शुभकामनाएं दीं. विजय सोहनी ने विद्यार्थियों को शिक्षा, संस्कार और भविष्य निर्माण को लेकर प्रेरणादायी संबोधन दिया. कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी लक्ष्मीनारायण लोवंशी ने की. जिला अध्यक्ष रामकिशोर लोवंशी ने आयोजन की जानकारी दी. संचालन सुनील लोवंशी एवं कमल लोवंशी ने किया. आभार जगदीश लोवंशी ने माना.